# गया समाहरणालय, गया

## (जिला राजस्व शाखा)

पत्रांक 2317 /रा0
दिनांक 15-7-2015 ई०।

फोन नं0 :– 0631–2222800, 2222900
फैक्स नं0 :– 0631–2223561, 2222100
ई–मेल :– dm-gaya.bih@nic.in

प्रेषक,

समाहर्त्ता,
गया।

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक-सह-
नोडल पदाधिकारी (वन संरक्षण)
बिहार, पटना ।

विषयः– गया जिलान्तर्गत बांकेबाजार प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय एवं आवासीय परिसर निर्माण हेतु वन भूमि अपयोजन की अनुमति प्रदान करने के संबंध में।

प्रसंगः– भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, शेरघाटी के पत्रांक 396/भू0सु0 दि0 09.07.15

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा गया जिलान्तर्गत बांकेबाजार प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय एवं आवासीय परिसर निर्माण हेतु अंचल बांकेबाजार, मौजा-टंडवा, थाना नं0-293, खाता 485, प्लॉट 140, रकवा 2.72 एकड़ (1.10 हेक्टयेर) वन भूमि के अपयोजन हेतु विहित प्रपत्र में सारी कंडिकाओं में विवरण अंकित करते हुए 8 (आठ) प्रतियों में प्रस्ताव समर्पित किया गया है ।

प्रस्ताव के साथ जीOपीOएसO रिडिंग, अपयोजित होने वाली भू-भाग को चिन्हित् कर मानचित्र, एफ0आर0ए0-2006 का प्रमाण-पत्र एवं प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय, बांकेबाजार प्रखण्ड स्थापना की अधिसूचना को संलग्न किया गया है ।

प्रस्तावित वन भूमि के समतुल्य वन विभाग को हस्तांतरित की जाने वाली गैरमजरूआ मालिक भूमि का प्रस्ताव भी समर्पित किया गया है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है :-

| अंचल का नाम | मौजा एवं थाना नं0 | खाता नं0 | खेसरा नं0 | रकवा (एकड़ में/ हेक्टेयर में) | किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| बांकेबाजार | लुटुआ, 249 | 331 | 1658 | 2.72 (1.10 हेक्टेयर) | गैरमजरूआ मालिक (पुरानी परती) |

अतः अनुरोध है कि बांकेबाजार प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय एवं आवासीय परिसर निर्माण हेतु अंचल बांकेबाजार, मौजा-टंडवा, थाना नं0-293, खाता 485, प्लॉट 140, रकवा 2.72 एकड़ (1.10 हेक्टयेर) वन भूमि अपयोजन की अनुमति प्रदान करने की कृपा की जाय ।

अनु0:-यथोक्त ।

विश्वासभाजन

15/7

समाहर्त्ता,
गया।